पद : सह परामर्शदाता - नियामक मामले एवं नीति समर्थन।

कुल पद : एक **(01)** **पद कोड : CON-37**

समेकित शुल्क : सह परामर्शदाता हेतु समेकित शुल्क रु. 75,000/- प्रति माह।

अवधि : नियुक्ति प्रारंभ में एक वर्ष की अवधि के लिए संविदात्मक है जिसे प्रदर्शन एवं संगठनात्मक आवश्यकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है।

कार्य विवरण : जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद् (बाइरैक) के भीतर विनियामक मामले और नीति समर्थन (आरएपीए) प्रभाग विनियामक अनुमोदन मार्गों को नेविगेट करने में नवप्रवर्तकों को सुविधा प्रदान करता है और स्टार्टअप, एसएमई एवं युवा उद्यमियों को प्रभावित करने वाली नीतियों को समर्थित करता है। आरएपीए के तहत सह परामर्शदाता निम्न विस्तृत गतिविधियों को निष्पादित करने हेतु उत्तरदायी होंगे।

मुख्य उत्तरदायित्व :	**<u>अनिवार्य योग्यता</u> :**
▪ वर्तमान विनियामक परिदृश्य का आकलन करना, जोखिमों को कम करना एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक एकीकृत समर्थन दृष्टिकोण तैयार करना। ▪ नियामक कार्यशालाओं और नियामक केंद्रों हेतु समन्वय एवं सहायता प्रदान करना। ▪ डेटाबेस निर्माण एवं प्रबंधन, बाजार अनुसंधान करना और श्वेत पत्र तैयार करना। ▪ स्टार्ट-अप, उद्यमियों तथा नवाचारियों को प्रभावित करने वाले संभावित अवसरों एवं नियामक चुनौतियों की पहचान करने हेतु बाह्य हितधारकों के साथ सहयोग करके वास्तविक समय नियामक अपडेट की निगरानी करना। ▪ सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के प्रमुख अधिकारियों एवं विविध हितधारक समूहों के साथ सरकार, राज्य और उद्योग संघों सहित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय हितधारकों के साथ बैठकें आयोजित करना एवं मिलकर कार्य करना। ▪ निधि संवितरण से जुड़े आरएपीए कार्यक्रमों एवं प्रक्रियाओं की देखरेख तथा प्रबंधन करना। ▪ सम्मेलनों और पैनलों में कंपनी के प्रतिनिधित्व के लिए सार्वजनिक परामर्श, स्थिति पत्रों और प्रस्तुति के लिए प्रतिक्रियाओं का समन्वय एवं मसौदा तैयार करके सार्वजनिक नीति तथा समर्थन के प्रयासों में योगदान करना। ▪ ज्ञान दस्तावेज़, रिपोर्ट, स्थिति पत्र और अन्य क्षेत्र-विशिष्ट अवधारणा नोट्स तैयार करने में सहायता करना। ▪ आरएपीए की किसी भी अन्य गतिविधि में सहायता करना और सौंपे गए कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए टीम के साथ काम करना।	जीवन विज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी/कृषि/पादप विज्ञान/चिकित्सा अनुसंधान/नियामक विज्ञान/फार्मा/प्रबंधन/बाजार अनुसंधान/अनुसंधान विश्लेषण/सार्वजनिक नीति या किसी अन्य संबंधित क्षेत्र के किसी भी क्षेत्र में स्नातकोत्तर। **<u>अनुभव</u> :** योग्यता पश्चात, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नियामक निकायों**,** प्रासंगिक उद्योग**,** वकालत या परामर्श में न्यूनतम 2 साल के अनुभव के साथ 3 साल से 10 साल का अनुभव। **<u>वांछनीय योग्यता</u> :** ▪ जीवन विज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी/कृषि/पादप विज्ञान/चिकित्सा अनुसंधान/नियामक विज्ञान/फार्मा/प्रबंधन/बाजार अनुसंधान/अनुसंधान विश्लेषण/सार्वजनिक नीति या किसी अन्य संबंधित क्षेत्र के किसी भी क्षेत्र में पीएचडी। ▪ अंग्रेजी भाषा में लेखन और मौखिक संचार का उत्तम कौशल। ▪ शोध पत्र, अवधारणा नोट तैयार करने, सांख्यिकीय उपकरणों का उपयोग करके डेटा विश्लेषण में अनुभव को विशिष्ट महत्व दिया जाएगा। **<u>आयु सीमा</u> :** रिक्ति की अंतिम तिथि को अधिकतम 45 वर्ष।